अत्यावश्यक

राजस्थान सरकार
सामान्य प्रशासन (ग्रुप–4) विभाग

क्रमांक प. 18 (1)साप्र/4/13 जयपुर, दिनांक 13/9/13

1. प्रबंधक, विश्राम भवन (भरतपुर, डूंगरपुर, धौलपुर, सिरोही, उदयपुर, करौली)।
2. प्रबंधक, राजस्थान हाउस, नई दिल्ली ।

विषयः– वर्तमान सांसदों, विधायकों/पूर्व सांसदो, विधायकों व निजी व्यक्तियों के नाम पूर्ण राजकीय बकाया के सम्बन्ध में ।

संदर्भः– इस विभाग का समसंख्यक पत्र दिनांक 4.4.13, दिनांक 21.05.13, दिनांक 19.06.13, दिनांक 26.08.13

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्रों के क्रम में लेख है कि वर्तमान सांसदों, विधायकों/पूर्व सांसदों, विधायकों व निजी व्यक्तियों के विरूद्ध विश्राम भवनों की राजकीय बकाया की सूचना चाही गई थी, जो कि बार–बार पत्र लिखे जाने पर भी आदिनांक तक अप्राप्त है। निरन्तर पत्राचार के बाद भी सूचना प्रेषित नहीं करना लापरवाही का सूचक है। आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए बकाया की सूचना अद्यतन तैयार की जानी अपेक्षित है, ताकि माननीय जनप्रतिनिधियों को वांछित अदेयता प्रमाण पत्र समय पर जारी किए जा सकें।

अतः वांछित सूचना अविलम्ब प्रेषित करें तथा आपके स्तर पर हुए अनावश्यक विलम्ब का कारण भी स्पष्ट करें।

(राकेश श्रीवास्तव)
प्रमुख शासन सचिव